कृषि कुंभ
हिंदी मासिक पत्रिका
खण्ड 03 भाग 08, (जनवरी, 2024)
पृष्ठ संख्या 48

गेहूं में यूरिया देने का सही समय एवं विधि

प्रीति स्वामी, शालु गोदारा एवं निकिता शर्मा
एम.एससी. कृषि शस्य विज्ञान,
श्री खुशाल दास विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़ ,राजस्थान, भारत।
Email Id: preetikumaripreeti2018@gmail.com

किसान भाइयों गेहूं की फसल में यूरिया के प्रयोग के बारे में बात करें तो आप में से 90 प्रतिशत लोग किसान भाई गेहूं की फसल में यूरिया का उपयोग करते है लेकिन हमें गेहूं में यूरिया देने का सही तरीका पता होना चाहिए क्योकि बहुत से किसान भाइयों कों सहीं समय का पता नहीं होता है, कुछ किसान भाई खेत में पहले पानी पर ही यूरिया देते है तो कुछ किसान दुसरे पानी पर यूरिया देते है कुछ किसान पानी देने से पहले यूरिया देते है और कुछ किसान पानी देने के बाद देते है कुछ किसान भाई गेहूं में यूरिया का उपयोग एक ही बार करते है तो कुछ किसान अभी भी गेहूं में 2 बार यूरिया का उपयोग करते है तो सही तरीका कौनसा है और हमें गेहूं में यूरिया की मात्रा कितनी लेनी चाहिए और गेहूं में यूरिया कितनी बार देना चाहिए तो आईये जानते है।

किसान भाई गेहूं में यूरिया का उपयोग करने से कई सारे फायदे होते है क्योकि यूरिया में 46 प्रतिशत नाइट्रोजन पाई जाती जो पौधे की ग्रोथ को बढाने में सहायता करती है पौधे में हरापन लाती है फुटाव बढाने और गेहूं की पैदावार बढाने में सहायक होती है।

गेहूं में यूरिया का उपयोग कब करना चाहिए

गेहूं की बुवाई के बाद जब पहले पानी देते है उस समय यूरिया का उपयोग करना चाहियें। अगर आप पहले पानी में यूरिया नहीं देते है दुसरे और तीसरे पानी में यूरिया देंगे तो निश्चित आपका उत्पादन 10 से 15 प्रतिशत तक कम हो जायेगा इस बात का जरुर ध्यान रखना है की गेहूं में पहले पानी में ही यूरिया देना है।

यूरिया का मात्रा को कम कर 2 भागो में दे सकते है पहला यूरिया पहले पानी के साथ और दूसरा यूरिया दुसरे या तीसरा पानी के साथ दे सकते है प्रति एकड़ 35 से 40 किलोग्राम पहले पानी के साथ यूरिया लेना है और दुसरे पानी में इसकी मात्रा को थोडा कम भी कर सकते है गेहूं की फसल में 1 के बजाय 2 बार यूरिया का उपयोग करते है तो और भी अच्छा रिजल्ट देखने को मिलता है।

गेहूं में यूरिया का उपयोग पानी देने से पहले या बाद में करें

अगर आपने हल्की जमीन में गेहूं की फसल लगायी हें तो आपकों पानी देने से पहले यूरिया का उपयोग करना चाहियें ताकि पानी देने के बाद यूरिया पानी में अच्छे से घुल मिलकर पौधे की जड़ो तक पहुच जाएँ। इस प्रकार से अगर आप गेहूं में यूरिया का इस्तेमाल करते है तो किसान भाई 99 प्रतिशत यूरिया के अच्छे रिजल्ट मिलेगें।

पहले पानी के साथ यूरिया का करें इस्तेमाल

फुटाव बढाने के लिए पहले पानी में यूरिया का इस्तेमाल करना चाहिए लेकिन यूरिया की मात्रा ज्यादा नहीं लेना चाहिए क्योकि ज्यादा यूरिया देने से गेहूं की जड़े खराब होने लगती है और गेहूं में ज्यादा फुटाव नहीं होता है संतुलित मात्रा में यूरिया का प्रयोग कर सकते है अगर गेहूं की फसल सुरुआत से कमजोर नजर आ रही है फुटाव कम दिख रहा है तो आप गेहूं में कल्लो को बढाने के लिए किलोग्राम 19 : 19 : 19 का स्प्रे भी कर सकते है जिसमे मुख्य रूप से नाइट्रोजन फास्फोरस और पोटाश तत्व की पूर्ति खेत में हो जाती है जिससे की गेहूं में फुटाव बढता है और कल्ले अधिक निकलते है जब खेत में नमी हो उस समय पर आप किलोग्राम 19 : 19 : 19 का डोस 1 किलोग्राम को 1 एकड़ में इस्तेमाल कर सकते है इसके अलावा समय समय पर खरपतवार को नियत्रण करते रहना चाहिए।